# अपना COVID-19 टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्र जाना

Hindi | हिन्दी






मैं अपना COVID-19 टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्र में जा रहा हूँ।

ये केंद्र केवल COVID-19 टीके के लिए ही हैं।

COVID-19 टीके की दवाई मेरी बाँह में सुई लगाकर दी जाती है।

इससे लोगों को COVID-19 का संक्रमण होने और इसके फैलाव को रोकने में सहायता मिलेगी।

यह लोगों को COVID-19 के कारण बहुत बीमार पड़ने से भी बचा सकता है।





मेरे साथ आने वाले वयस्क को अपने फोन पर क्यूआर कोड का उपयोग करके चेक-इन करना होगा।

या वे मेरा नाम और फोन नंबर लिखकर रखेंगे।




स्टाफ मेरे तापमान की जांच कर सकते हैं।

वे मेरे साथ आने वाले वयस्क के तापमान की जांच भी कर सकते हैं।



यदि मैंने मास्क पहना है, तो मुझे एक नया मास्क पहनने के लिए कहा जाएगा।
मेरे साथ आने वाले वयस्क भी अपना मास्क बदलेंगे।



क्लिनिक में अंदर जाते समय मुझे हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करने की आवश्यकता हो सकती है।
मैं अपने हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग भी कर सकता हूँ।



मेरे साथ आने वाले वयस्क और मैं डेस्क पर जाएँगे।
मेरे साथ आने वाले वयस्क स्टाफ के सदस्य के साथ फॉर्म भरेंगे।
स्टाफ के सदस्य मुझे बताएँगे कि आगे क्या करना है।




स्टाफ के सदस्य मुझे कमरे में ले जाएँगे।

यदि बहुत अधिक रोशनी हो, तो मैं धूप का चश्मा या टोपी पहन सकता हूँ।

वयस्क मेरे साथ रह सकते हैं।




मैं जहाँ चाहूं, वहाँ बैठ सकता हूँ।

मैं अपने साथ आने वाले वयस्क की गोद में बैठ सकता हूँ।

मैं कुर्सी पर बैठ सकता हूँ।

या मैं फर्श पर बैठ सकता हूँ।



मैं वीडियो देख सकता हूँ।

मैं संगीत सुन सकता हूँ।

मैं अपने खिलौने के साथ खेल सकता हूँ या उसे पकड़ सकता हूँ।




नर्स मेरे साथ आने वाले वयस्क से मेरे स्वास्थ्य के बारे में कुछ प्रश्न पूछेगी।




नर्स मुझे अपने जम्पर को उतारने या आस्तीन को रोल-अप करने के लिए कहेगी।

यदि मुझे इंजेक्शन के बारे में सोचकर चिंता महसूस होती है, तो मैं दूसरी ओर या दीवार की ओर देख सकता हूँ।

मेरे साथ आने वाले वयस्क मुझे आश्वासन दे सकते हैं।



मुझे इंजेक्शन लगाने के बाद नर्स मेरी बांह पर बैंडेड और/या कपास की गोली लगाएगी।

उसके बाद मैं अपना जम्पर पहन सकता हूँ या अपनी आस्तीन को नीचे रोल कर सकता हूँ।

इंजेक्शन के बाद क्या उम्मीद करनी चाहिए, इसके बारे में नर्स मेरे साथ आने वाले वयस्क को जानकारी पत्रक देगी।






दीवार पर एक पेड़ का चित्र होगा।

इसे Enchanted Forest of Protection कहते हैं।

नर्स के पास पत्तियों के स्टिकर्स होंगे।

अगर मैं चाहूँ, तो पत्ती के स्टिकर में अपना नाम लिखकर मैं इसे पेड़ में लगा सकता हूँ।

वयस्क मेरी मदद कर सकते हैं।




मैं प्रतीक्षा क्षेत्र में 15 मिनट तक रहूंगा।

यह सुई लगाने के बाद होता है।

मेरे साथ आने वाले वयस्क अपने फोन पर टाइमर सेट कर सकते हैं।

मैं संगीत सुन सकता हूँ, वीडियो देख सकता हूँ और प्रतीक्षा करते समय फिजेट आइटमों का उपयोग कर सकता हूँ।



जब 15 मिनट पूरे हो जाते हैं, तो नर्स मुझसे कुछ प्रश्न पूछेगी।

यदि मैं चाहूं, तो इसके बजाय मैं अपने साथ आने वाले वयस्क को बता सकता हूँ और वे मेरी ओर से नर्स के साथ बात कर सकते हैं।




अब मैं टीकाकरण केंद्र छोड़कर जा सकता हूँ।

# एमेज़ और राष्ट्रीय विकलांगता सेवाओं द्वारा साझेदारी में गर्वपूर्वक उत्पादित

एमेज़

फो: 03 9657 1600

www.amaze.org.au

ई: info@autismconnect.org.au

राष्ट्रीय विकलांगता सेवाएँ

फो: 03 8341 4300

www.nds.org.au

ई: ndsvic@nds.org.au

**अभिस्वीकृति**
EACH कम संवेदनात्मक, बच्चों और वयस्कों के टीकाकरण क्लिनिक में सभी स्टाफ के समर्थन तथा इस संसाधन को विकसित करने में भाग लेने वाले परिवार के लिए धन्यवाद के साथ।

यह सोशल स्क्रिप्ट विक्टोरिया के स्वास्थ्य विभाग और विक्टोरिया के परिवार, निष्पक्षता एवं आवास विभाग के समर्थन के साथ एमेज़ और राष्ट्रीय विकलांगता सेवाओं (एनडीएस) द्वारा बनाई गई थी।

© Amaze 2022

